बेटी की शादी से पहले जला घर

▶ झूलते तारों ने उजाड़ा गरीब का आशियाना

इटारसी, 23 जून. ग्राम अमांडा में बिजली विभाग की कथित लापरवाही एक गरीब आदिवासी परिवार पर भारी पड़ गई. गांव में झूलते बिजली तारों से लगी भीषण आग में पीड़ित सुनील उईके पिता रामसिंह उईके का पूरा घर जलकर खाक हो गया. आग ने न केवल उनका आशियाना उजाड़ दिया, बल्कि घर में बेटी की शादी के लिए जुटाई गई सारी तैयारियों को भी राख में बदल दिया. आगामी 2 तारीख को परिवार में बेटी की शादी होनी है, लेकिन इस हादसे ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है.

बताया गया कि घटना रात करीब 8 बजे की है. उस समय सुनील उईके का परिवार खेत पर काम करने गया हुआ था. इसी दौरान घर में अचानक आग भड़क उठी. जब तक आसपास के लोगों को घटना की जानकारी मिली और वे मौके पर पहुंचे, तब तक आग ने पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया था. ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी और घर में रखा अधिकांश सामान जल चुका था. इस हादसे में परिवार का रोजमर्रा का उपयोगी सामान, शादी के लिए संजोई गई सामग्री और कृषि उपयोग की वस्तुएं सब कुछ नष्ट हो गया. नुकसान में गेहूं, मक्का, धान, मूंग, यूरिया, डीएपी और एनपीके खाद, कपड़े, पाल, खटिया, बिजली का स्टार्टर, डोरी सहित अन्य जरूरी सामान शामिल है. परिवार के लिए यह नुकसान केवल आर्थिक नहीं, बल्कि भावनात्मक रूप से भी बेहद बड़ा है, क्योंकि बेटी की शादी की खुशियां कुछ ही दिनों में मातम में बदल गईं. ग्रामीणों का कहना है कि गांव में लंबे समय से बिजली के तार झूल रहे थे और इसकी शिकायत कई बार बिजली विभाग से की गई थी, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों ने इसे गंभीरता से नहीं लिया. ग्रामीणों ने विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि यदि समय रहते तारों की मरम्मत कर दी जाती, तो यह हादसा टल सकता था. घटना के बाद गांव में भारी आक्रोश का माहौल है. हादसे की सूचना मिलते ही थाना पथरोटा पुलिस, पटवारी दीपक रघुवंशी, सचिव ज्योति चिमानिया, कोटवार रघुनाथ मेहरा सहित प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा. समाजसेवी विनोद वारिवा, शंकर उईके, दीपक बावरिया और बड़ी संख्या में ग्रामीण भी मौके पर मौजूद रहे. ग्रामीणों और समाजसेवियों ने शासन-प्रशासन व बिजली विभाग से मांग की है कि पीड़ित परिवार को तत्काल राहत राशि और उचित मुआवजा दिया जाए, ताकि बेटी की शादी बिना किसी बाधा के संपन्न हो सके और परिवार को इस संकट की घड़ी में सहारा मिल सके.

जिला अधिवक्ता संघ ने निष्पक्ष जांच की मांग की

नर्मदापुरम,23जून. जिला अधिवक्ता संघ, नर्मदापुरम के सदस्यों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपते हुए अधिवक्ता संजीव बग्गन को कथित रूप से झूठे मामले में फंसाने और बदनाम करने के प्रयासों की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है.संघ के सचिव एवं मीडिया प्रभारी मनोज जराठे ने बताया कि दो लड़कियों के प्रेम प्रसंग से जुड़े एक मामले में अधिवक्ता संजीव बग्गन का नाम अनावश्यक रूप से जोड़कर उन्हें बदनाम करने का प्रयास किया जा रहा है. अधिवक्ताओं ने मांग की कि पूरे मामले की निष्पक्ष, पारदर्शी और तथ्यों के आधार पर जांच कराई जाए, ताकि सच्चाई सामने आ सके और किसी भी निर्दोष व्यक्ति के साथ अन्याय न हो.ज्ञापन सौंपने के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ताओं सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे.

बिना कोचिंग शाहिस्ता बनीं खाद्य अधिकारी

▶ एक लाख परीक्षार्थियों को पछाड़कर पाया मुकाम

▶ सरकारी स्कूल-कॉलेज से पूरी की प्रारंभिक शिक्षा

इटारसी, 23 जून. प्रतिभा कभी संसाधनों की मोहताज नहीं होती, उसे बस दृढ़ संकल्प और परिवार के विश्वास की आवश्यकता होती है। इस बात को सच कर दिखाया है इटारसी के नाला मोहल्ला, भगत सिंह नगर, वार्ड नंबर 26 की होनहार बेटी शाहिस्ता खान ने. मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित खाद्य सुरक्षा अधिकारी की परीक्षा में शाहिस्ता ने शानदार सफलता हासिल कर अपने परिवार सहित पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है.

इस बेहद कठिन प्रतियोगिता में इस पद के लिए पूरे नर्मदापुरम जिले से चयनित होने वाली वह एकमात्र अभ्यर्थी हैं. इसके साथ ही, यह भी बताया जा रहा है कि इस पद पर चुनी जाने वाली वे प्रदेश की एकमात्र मुस्लिम महिला अभ्यर्थी भी हैं.

मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा खाद्य सुरक्षा अधिकारी के 123 पदों के लिए निकाली गई इस भर्ती में प्रदेश भर से लगभग 1 लाख विद्यार्थियों ने लिखित परीक्षा दी थी. इनमें से केवल 450 अभ्यर्थी ही लिखित परीक्षा पास कर इंटरव्य तक पहुंचे. कड़े मुकाबले के बाद अंतिम रूप से 101 अभ्यर्थियों की सूची जारी की गई, जिसमें शाहिस्ता खान ने अपनी जगह पक्की कर इतिहास रच दिया. शाहिस्ता की यह कामयाबी इसलिए भी खास और समाज के लिए प्रेरणादायी है क्योंकि उन्होंने इस बड़ी परीक्षा के लिए किसी नामी कोचिंग संस्थान का सहारा नहीं लिया. उन्होंने घर के पारिवारिक और सकारात्मक माहौल में रहकर खुद ही (सेल्फ स्टडी) अध्ययन किया. शाहिस्ता आरके टेलर परिवार की बिटिया हैं. उनका पूरा संयुक्त परिवार एक साथ रहता है,

शिक्षण संस्थानों से पढ़कर भी शीर्ष पर पहुंचा जा सकता है. उनकी प्रारंभिक शिक्षा कक्षा 1 से 8वीं तक भगत सिंह नगर के गोल्डन बर्ड पब्लिक स्कूल से हुई. इसके बाद कक्षा 9 वीं से 12वीं तक की पढ़ाई और फिर स्नातक की शिक्षा उन्होंने शासकीय कन्या विद्यालय व महाविद्यालय सूरजगंज से पूरी की. कॉलेज के बाद उन्होंने पूरी एकाग्रता के साथ एमपीपीएससी की तैयारी शुरू की थी.

जगमोहन को जिलाध्यक्ष का पदभार

सोहागपुर, 23 जून. ब्लॉक मुख्यालय के कस्बा शोभापुर निवासी जगमोहन बाहेती को माहेश्वरी समाज नर्मदापुरम् का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है. उनकी नियुक्ति से माहेश्वरी समाज सहित क्षेत्र के सामाजिकजनों में खुशी की लहर है. समाज के वरिष्ठजनों और शुभचिंतकों ने इसे संगठन के लिए एक सकारात्मक निर्णय बताते हुए विश्वास जताया है कि जगमोहन बाहेती के नेतृत्व में समाज को नई ऊर्जा और मजबूत दिशा मिलेगी. सोहागपुर निवासी तथा माहेश्वरी समाज के वरिष्ठ नागरिक अधिवक्ता जयप्रकाश माहेश्वरी ने बताया कि जगमोहन बाहेती लंबे समय से सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं. वे कुशल वक्ता, मृदुभाषी, मितभाषी और दूरदर्शी व्यक्तित्व के रूप में पहचाने जाते हैं. समाज सेवा के प्रति उनका समर्पण और संगठनात्मक क्षमता उन्हें इस दायित्व के लिए उपयुक्त बनाती है. उन्होंने कहा कि बाहेती का स्वभाव सहज और मिलनसार है, जिसके कारण वे समाज के सभी वर्गों के बीच लोकप्रिय हैं और लोगों को साथ लेकर चलने की क्षमता रखते हैं. जगमोहन बाहेती का सामाजिक और संगठनात्मक अनुभव भी काफी समृद्ध रहा है. वे पूर्व में होशंगाबाद-हरदा जिला युवा संगठन के सचिव रह चुके हैं. इसके अलावा उन्होंने जिला युवा संगठन के अध्यक्ष के रूप में भी जिम्मेदारी संभाली है. अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने संगठन को सक्रिय बनाए रखने, युवाओं को समाज से जोड़ने में महत्वपूर्ण योगदान दिया.

नई पीढ़ी को समाज की गतिविधियों से जोड़ने में मदद मिलेगी और सामाजिक समरसता के साथ सेवा कार्यों को भी गति मिलेगी.

ताबूत में लेटकर गज्जू तिवारी का अनोखा विरोध

▶ आईसीयू बंद, ताबूत में पहुंचे नेता का बड़ा प्रदर्शन

नवभारत न्यूज

इटारसी, 23 जून. इटारसी में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी अस्पताल की बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को लेकर मंगलवार को एक अनोखा विरोध प्रदर्शन देखने को मिला. कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष गजानंद (गज्जू) तिवारी ने अपने साथियों के साथ मिलकर पहले भाजपा सरकार के खिलाफ हनुमान चालीसा का पाठ किया और फिर ताबूत में लेटकर कफन ओढ़े हुए हाथ ठेले पर रैली के रूप में अस्पताल पहुंचे.

इस अनोखे प्रदर्शन का उद्देश्य अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी और लंबे समय से बंद पड़े आईसीयू को चालू कराने की मांग को लेकर प्रशासन और सरकार का ध्यान आकर्षित करना था. अस्पताल पहुंचकर गज्जू तिवारी ने अधीक्षक डॉ. कमलेश कुमारे को एक श्वेत पत्र सौंपा और कहा कि वे वर्षों से इस मुद्दे को लेकर संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस सुधार नहीं हुआ है. तिवारी ने कहा कि उन्होंने इस मुद्दे पर कई बार ज्ञापन दिए, धरना-प्रदर्शन किए, भूख हड़ताल की, आमरण अनशन किया, जल सत्याग्रह किया और पोस्टकार्ड अभियान भी चलाया, लेकिन फिर भी अस्पताल की स्थिति जस की तस बनी हुई है. उनका कहना है कि उनका एकमात्र उद्देश्य इटारसी की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं दिलाना और आईसीयू को पुन: चालू कराना है. उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही अस्पताल में सुधार नहीं हुआ तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा.

इस पर अस्पताल अधीक्षक ने आश्वासन दिया कि एक महीने के भीतर मांगों को पूरा करने का प्रयास किया जाएगा. उन्होंने बताया कि आईसीयू की सफाई और तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है और स्टाफ की कमी को पूरा करने के लिए उच्च अधिकारियों को पत्र भेजा जाएगा. इस प्रदर्शन में कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे.

महेश नवमी के अवसर पर शोभायात्रा का हुआ स्वागत

नवभारत न्यूज

हरदा, 23 जून. महेश नवमी के अवसर पर महेश्वरी समाज की भव्य शोभायात्रा का जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया.इस दौरान वैश्य महासम्मेलन जिला हरदा ने मिडिल स्कूल परिसर स्थित सिद्धवीर हनुमान मंदिर के सामने पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने शोभायात्रा का अभिनंदन करते हुए भगवान महेश के जयकारे लगाए.शोभायात्रा में बड़ी संख्या में महिला-पुरुष एवं युवा शामिल हुए, जिससे नगर का वातावरण धार्मिक और उत्साहपूर्ण बना रहा.वैश्य महासम्मेलन के जिला अध्यक्ष दीपक नेमा ने कहा कि महेश नवमी समाज की एकता, सेवा और सांस्कृतिक परंपराओं को मजबूत करने का पर्व है.इस अवसर पर आलोक गोयल, राजीव जैन, श्याम सुंदर अग्रवाल, अजय अग्रवाल सहित अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे.

नि :शुल्क नेत्र शिविर में मरीजों की जांच

▶ 14 मरीजों का होगा निशुल्क नेत्र ऑपरेशन

सोहागपुर, 23 जून. सोहागपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सोमवार को निशुल्क नेत्र शिविर किया गया. जिसमें 30 से अधिक मरीजों की जांच की गई. तथा कुछ मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयन किया गया है.

सोहागपुर बीएमओ डॉ. रेखासिंह गौर व नेत्र सहायक एके शाक्य ने बताया कि नर्मदापुरम् जिला अंधत्व निवारण समिति द्वारा चिरायु मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल भोपाल के सहयोग से शिविर आयोजित किया गया. नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अदिति शाक्य एवं डॉ. जानवी आर्य ने पंजीकृत 32 मरीजों की नेत्र जांच की. जांच दौरान 14 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया है, जिन्हें बस से चिरायु अस्पताल भोपाल ले जाया जाएगा. वहां उनका निशुल्क ऑपरेशन कर मरीजों को पुन: सुरक्षित रूप से सोहागपुर पहुंचाया जाएगा. चश्मों की सुविधा भी नि:शुल्क उपलब्ध कराई जाएगी. शिविर के सफल आयोजन में नेत्र चिकित्सा सहायक एके शाक्य एवं ललित विश्वकर्मा का सहयोग रहा.

कामती सरकारी स्कूल में विद्यार्थियों ने किया योग प्रदर्शन

सोहागपुर, 23 जून. सोहागपुर ब्लॉक के ग्राम कामती के सरकारी स्कूल में इंडियन ग्रामीण टूरिज्म संगठन सहित सतपुड़ा टाइगर रिजर्व

के गाइड्स व कर्मचारियों ने विद्यार्थियों के साथ गत दिवस योग अभ्यास किया. विश्व योग दिवस के अवसर पर कुल्लू मनाली से आई मास्टर ट्रेनर शकुंतला सिंह ने विद्यार्थियों को योग प्रक्रिया तथा इससे होने वाले स्वास्थ्य लाभों के विषय में जानकारी भी दी. इस दौरान एस्ट्रो टूरिज्म के विशेषज्ञ भी योग करने उपस्थित हुए.

कीर समाज प्रतिनिधिमंडल ने भेंट की

▶ विजयपाल सिंह के नेतृत्व में मुख्यमंत्री से मुलाकात

सोहागपुर, 23 जून. सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह के नेतृत्व में कीर समाज के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को भोपाल स्थित वल्लभ भवन (मंत्रालय) में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से सौजन्य भेंट की. इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से समाज के विकास, शिक्षा, सामाजिक उत्थान और जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की.

इस मुलाकात को समाज की समस्याओं और अपेक्षाओं को सरकार के समक्ष रखने के साथ-साथ सकारात्मक संवाद स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है.

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया. इसके बाद कीर समाज के प्रतिनिधियों ने समाज की गतिविधियों, सामाजिक सरोकारों और जनहित के विभिन्न विषयों से मुख्यमंत्री को अवगत कराया. प्रतिनिधिमंडल ने समाज के विकास, युवाओं की शिक्षा, सामाजिक भागीदारी और अन्य आवश्यक विषयों को प्रमुखता से रखा. मुख्यमंत्री ने आत्मीयता के साथ प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए उनकी बातों को गंभीरता से सुना और आवश्यक सहयोग का आश्वासन दिया. मुख्यमंत्री ने इस दौरान कहा कि राज्य सरकार समाज के सर्वांगीण विकास, शिक्षा के प्रसार और सामाजिक उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है. उन्होंने समाज के प्रतिनिधियों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर वर्ग के विकास और जनकल्याण के लिए सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ कार्य कर रही है.

साहित्य परिषद की मासिक काव्य गोष्ठी का आयोजन

▶ पलकमती साहित्य परिषद की गोष्ठी में काव्य पाठ

सोहागपुर, 23 जून. अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पलकमती साहित्य परिषद की मासिक काव्य गोष्ठी का आयोजन रविवार को कवि रवि नागेश के शास्त्री वार्ड स्थित निज निवास पर किया गया. गोष्ठी में साहित्यकारों और कवियों ने योग, प्राणायाम, पितृ दिवस, मानवीय मूल्यों, किसानों की समस्याओं, सरकारी तंत्र की भूमिका और सामाजिक विसंगतियों जैसे विविध विषयों पर अपनी मौलिक रचनाओं की प्रस्तुति दी. समसामयिक सरोकारों का सशक्त मंच बनकर सामने आया.

गोष्ठी में कवियों ने योग और प्राणायाम को स्वस्थ, संतुलित और शांत जीवन का आधार बताते हुए रचनाएं प्रस्तुत कीं.

सोहागपुर में महिलाओं ने किया सामूहिक योगाभ्यास

सोहागपुर, 23 जून. अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर लीनेस क्लब सोहागपुर द्वारा रविवार को एक प्रेरणादायी योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया. क्लब की सदस्याओं ने अर्चना खंडेलवाल के मार्गदर्शन में उनके निज निवास पर एकत्र होकर सामूहिक योगाभ्यास किया और विभिन्न योग क्रियाओं का प्रदर्शन करते हुए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया.

कार्यक्रम का उद्देश्य केवल योग दिवस मनाना नहीं था, बल्कि महिलाओं और समाज के बीच योग के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा दैनिक जीवन में इसके महत्व को रेखांकित करना भी था.

आयोजन के दौरान सदस्याओं ने कई प्रकार के योगासन, प्राणायाम और सामान्य योग क्रियाओं का अभ्यास किया. योग के माध्यम से शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक शांति और आत्मिक संतुलन कैसे प्राप्त किया जा सकता है, इस पर भी चर्चा की गई. उपस्थित महिलाओं ने माना कि आधुनिक जीवनशैली में तनाव, अनियमित दिनचर्या और स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं, ऐसे में योग एक ऐसा माध्यम है जो शरीर और मन दोनों को संतुलित रखने में मदद करता है. अर्चना खंडेलवाल ने योगाभ्यास के दौरान सही मुद्रा, नियमित अभ्यास और अनुशासन के महत्व पर प्रकाश डाला. उन्होंने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो व्यक्ति को भीतर से मजबूत बनाती है. नियमित योग करने से न केवल शारीरिक क्षमता बढ़ती है.

प्रवेश नहीं मिलने पर विद्यार्थियों ने कलेक्टर से लगाई गुहार

हरदा, 23 जून. उत्कृष्ट विद्यालय हरदा के कुछ विद्यार्थियों ने कक्षा 11वीं कला संकाय में प्रवेश नहीं मिलने की शिकायत लेकर कलेक्टर को आवेदन सौंपा है.विद्यार्थियों का कहना है कि वे कक्षा 9वीं से विद्यालय में अध्ययनरत हैं और कक्षा 10वीं उत्तीर्ण करने के बाद उन्हें 11वीं में प्रवेश मिलने की उम्मीद थी, लेकिन विद्यालय प्रशासन ने प्रवेश देने से मना कर दिया.

26 को होगी क्रिकेट संघ की बैठक

इटारसी, 23 जून. इटारसी क्रिकेट संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक आगामी 26 जून, शुक्रवार को दोपहर 12 बजे स्थानीय पत्रकार भवन में आयोजित की जाएगी. इस बैठक को संघ की आगामी कार्ययोजना और नगर में क्रिकेट गतिविधियों को सशक्त बनाने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है. संघ के पदाधिकारियों के अनुसार बैठक में संगठन के विस्तार, सदस्यता वृद्धि, खिलाड़ियों के विकास और स्थानीय स्तर पर क्रिकेट को अधिक व्यवस्थित व प्रभावी बनाने से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी.बैठक का मुख्य उद्देश्य इटारसी क्रिकेट संघ को और अधिक सक्रिय, संगठित और प्रभावी बनाना है, ताकि शहर के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के बेहतर अवसर मिल सकें. इसके तहत संघ में नए सदस्यों को जोड़ने, संगठन की गतिविधियों को नियमित और व्यापक बनाने तथा क्रिकेट को शहर में मजबूत आधार देने के लिए ठोस रणनीति तैयार की जाएगी.

सफलता ▶ मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड की योजनाओं से युवाओं को मिल रहे रोजगार के नए अवसर

रीना बनीं आत्मनिर्भरता और महिला सशक्तिकरण की मिसाल

नवभारत न्यूज

नर्मदापुरम,23जून. जिले के पर्यटन स्थल पचमढ़ी के आसपास रहने वाली महिलाओं के जीवन में पर्यटन विकास नई उम्मीद लेकर आया है. ग्राम पगारा निवासी रीना की सफलता की कहानी इसका जीवंत उदाहरण है. सीमित आर्थिक संसाधनों वाले परिवार से आने वाली रीना ने कठिन परिस्थितियों के बावजूद हार नहीं मानी और आज पर्यटन क्षेत्र में सम्मानजनक रोजगार प्राप्त कर आत्मनिर्भर जीवन जी रही हैं.

रीना बताती हैं कि विवाह के बाद परिवार की आर्थिक जिम्मेदारियों को देखते हुए उन्होंने रोजगार की तलाश शुरू की, लेकिन अनुभव और प्रशिक्षण के अभाव में उन्हें कहीं अवसर नहीं मिला. इसी दौरान मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड, जिला प्रशासन नर्मदापुरम तथा इंडियन ग्रामीण सर्विसेज संस्था द्वारा संचालित सुरक्षित पर्यटन परियोजना के अंतर्गत महिलाओं के लिए आयोजित हाउसकीपिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम की जानकारी मिली.पचमढ़ी में आयोजित इस 15 दिवसीय प्रशिक्षण ने उनके जीवन की दिशा बदल दी.

प्रशिक्षण के दौरान रीना ने होटल संचालन, हाउसकीपिंग, पर्यटकों की आवश्यकताओं, अतिथि सत्कार तथा पर्यटन उद्योग की कार्यप्रणाली से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं. प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद उन्हें पचमढ़ी क्षेत्र के पनारपानी रिट्रीट होटल में रोजगार का अवसर मिला, जहां वे वर्तमान में सफलतापूर्वक कार्य कर रही हैं.जिला पर्यटन प्रबंधक मनोज सिंह ठाकुर ने बताया कि पर्यटन केवल पर्यटकों के लिए आकर्षण का माध्यम नहीं है, बल्कि स्थानीय युवाओं और महिलाओं के लिए रोजगार एवं सम्मानजनक जीवन का सशक्त आधार है.

अच्छी बारिश के लिए सिंधी समाज की प्रार्थना

इटारसी, 23 जून. इटारसी में सिंधी समाज द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी अच्छी बारिश और विश्व कल्याण की कामना के साथ भव्य धार्मिक आयोजन किया गया. झूलण सेवा समिति इटारसी के तत्वाधान में पूज्य पंचायत सिंधी समाज के सहयोग से सोमवार शाम 5:30 बजे बाजार स्थित भगवान श्री झूलेलाल मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना संपन्न हुई. कार्यक्रम की शुरुआत भगवान झूलेलाल के समक्ष ज्योत प्रज्वलित कर की गई, जिसके बाद क्षेत्र में अच्छी वर्षा, समृद्धि और शांति के लिए विशेष प्रार्थना की गई. श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से पल्लव कर भगवान से सुख-समृद्धि की कामना की. इस दौरान मंदिर परिसर भक्तिमय

प्रेम प्रसंग में वकील को फंसाने का आरोप

▶ अधिवक्ता संघ पहुंचा एसपी ऑफिस, उठाई मांग

नर्मदापुरम, 23 जून. नर्मदापुरम में जिला अधिवक्ता संघ के सदस्यों ने मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर एक अधिवक्ता को कथित रूप से झूठे मामले में फंसाने के खिलाफ जोरदार विरोध दर्ज कराया. अधिवक्ताओं ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच की मांग की.

अधिवक्ता संघ के सचिव मनोज जराठे ने बताया कि यह मामला दो लड़कियों के प्रेम प्रसंग से जुड़ा हुआ है, जिसमें अधिवक्ता संजीव बग्गन को जबरन झूठे केस में फंसाने और उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि बिना ठोस सबूत के किसी अधिवक्ता को इस प्रकार आरोपी बनाना बेहद चिंताजनक है. अधिवक्ताओं का कहना है कि यदि इस प्रकार की घटनाओं पर रोक नहीं लगाई गई तो यह न केवल अधिवक्ता समुदाय बल्कि पूरे न्याय तंत्र के लिए खतरनाक साबित हो सकता है. उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और सच्चाई सामने लाई जाए, ताकि न्याय मिल सके.